प्र. निम्न में से कौन सा ऊर्जा का स्रोत कभी पर्यावरणीय प्रदूषण नहीं करता है?

(a) नाभिकीय ऊर्जा  (b) सौर ऊर्जा

(c) कोयला  (d) पेट्रोलियम

उत्तर- (b) सूर्य से प्राप्त होने वाली ऊर्जा सौर ऊर्जा कहलाती है सौर ऊर्जा ही मौसम एवं जलवायु का परिवर्तन करती है यह ऊर्जा कभी पर्यावरणीय प्रदूषण नहीं करती है इस ऊर्जा का उपयोग खाना पकाने, प्रशीत्तन, जल उष्मन तथा विद्युत ऊर्जा उत्पादन हेतु किया जाता है

प्र. वायुमंडल की सबसे निचली परत कहलाती है?

(a) क्षोभमंडल  (b) समताप मंडल

(c) आयन मंडल  (d) ओजोन मंडल

उत्तर- (a) वायुमंडल की सबसे निचली परत क्षोभमंडल कहलाती है यह ध्रुवों पर 8 किलोमीटर, विषुवत रेखा पर 18 किलोमीटर की ऊंचाई तक

पाई जाती है यह मंडल जैव मंडलीय पारिस्थितिक तंत्र के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है

प्र. अम्लीय वर्षा का कारण निम्न में से किस की सांद्रता में वृद्धि है?

(a) $SO_2$ तथा $NO_2$ (b) CO तथा $CO_2$

(c) CO तथा $N_2$ (d) धूल तथा $O_3$

उत्तर- (a) ऐसी वर्षा जिसका pH मान 5.6 से कम हो अम्ल वर्षा कहलाती है अम्लीय वर्षा का मुख्य कारण वायुमंडल में उपस्थित $SO_2$ तथा $NO_2$ की सांद्रता में वृद्धि है

प्र. रेड डाटा बुक में सम्मिलित है?

(a) विलुप्त हो रहे जीव (b) सुभेद्य जीव

(c) आपत्तिग्रस्त जीव (d) उपरोक्त सभी

उत्तर- (d) IUCN एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था है जो विलुप्त हो रहे जीव, सुभेद्य जीव, आपत्तिग्रस्त जीव तथा पादपो से संबंधित रेड डाटा बुक जारी करता है

प्र. अत्यधिक चारण का परिणाम है?

(a) मृदा प्रदूषण (b) मृदा अपरदन

(c) ताप प्रदूषण (d) जलवायु परिवर्तन

उत्तर- (b) अत्यधिक चारण से भूमि को ढंकने वाली घास तथा वनस्पति नष्ट हो जाती है जिसके कारण खुली भूमि में मृदा के कणों की पकड़ कमजोर हो जाती है और वे जल तथा वायु के वेग से एक स्थान से दूसरे स्थान तक आसानी से बह जाते हैं जिसके कारण भूमि की उर्वरता नष्ट हो जाती है

प्र. जब ध्रुव में भूमध्य रेखा की ओर बढ़ते हैं तब जैव विविधता-

(a) बढ़ती है (b) घटती है

(c) स्थिर रहती है (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (a) ध्रुवों के चारों ओर बहुत बड़ा भाग हिमाच्छादित है और ऐसे क्षेत्र में जीवो् और वनस्पतियों का अभाव पाया जाता है अतः ध्रुवों पर जैव विविधता न्यूनतम होती है लेकीन जब ध्रुवों से भूमध्य रेखा की ओर बढ़ते हैं तब जैव विविधता बढ़ती जाती है

Education
सब्सक्राइब करें

प्र. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 के अनुसार पर्यावरण अध्ययन को किस कक्षा समूह में स्थान दिया गया है?

(a) पहली और दूसरी कक्षा (b) तीसरी और पांचवी कक्षा

(c) छठी और आठवीं कक्षा (d) नौंवी और दसवीं कक्षा

उत्तर- (b) राष्ट्रीय पाठ्यचर्चा की रूपरेखा 2005 के अनुसार पर्यावरण अध्ययन को तीसरी से पांचवी कक्षा में स्थान दिया गया है

प्र. भारत के किस क्षेत्र में अधिकतम भूस्खलन की घटनाएं होती हैं?

(a) उत्तर- पूर्वी पहाड़ (b) हिमालय

(c) पश्चिमी घाट एवं नीलगिरी (d) उत्तरी घाट

उत्तर- (b) भारत का हिमालयी क्षेत्र अत्यधिक सुभेद्यता क्षेत्र के अंतर्गत आता है अत: यहां सर्वाधिक भूस्खलन की घटनाएं होती हैं

प्र. निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(a) हल्दी पाउडर- मैटेलिक यलो

(b) फ्रियॉन- क्लोरो-फ्लोरो-कार्बन

(c) ग्रीनहाउस गैस- कार्बन डाइऑक्साइड

Tez Education

(d) कण्टूर कृषि- भूमि अपरदन

उत्तर- (d) कण्टूर कृषि अथवा सीढ़ीदार खेती पर्वतीय क्षेत्रों में की जाने वाली एक प्रचलित खेती है यह खेती जल को रोकने संरक्षण एवं उपयोग के लिए तथा मृदा के अपरदन को कम करने के लिए किया जाता है

प्र. सजीवों में ऑक्सीश्वसन की प्रक्रिया में--- ऊर्जा अवमुक्त होती है?

(a) 573 किलो कैलोरी (b) 673 किलो कैलोरी

(c) 28 किलो कैलोरी (d) 746 किलो कैलोरी

उत्तर- (b) ऑक्सीश्वसन ऑक्सीजन की उपस्थिति में होने वाली एक श्वसन क्रिया है ऑक्सीश्वसन में ग्लूकोज का पूर्ण ऑक्सीकरण होता है सजीवों में ऑक्सीजन की प्रक्रिया में 673 किलो कैलोरी ऊर्जा अवमुक्त होती है

प्र. बाढ़ से समोद्भिद पौधे मर जाते है क्योंकि-

(a) पौधों का कोशिका रस पतला हो जाता है

(b) मूल में श्वसन रुक जाता है

(c) पौधों का कोशिका रस सान्द्र हो जाता है

(d) पानी की अधिकता से पोषक तत्व पौधे से बाहर आ जाता है

उत्तर- (b) समोद्भिद पौधे खेती योग जमीन पर पाए जाते हैं इनका तना ठोस और शाखा युक्त होता है ये पौधे कुछ समय बाद मर जाते हैं क्योंकि बाढ़ की वजह से पौधों की जड़ों में पानी जमा हो जाता है जिससे उनके मूल में श्वसन रुक जाता है मटर, टमाटर आदि समोद्भिद पौधे होते हैं

प्र. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान प्रसिद्ध है?

(a) बाघ के लिए (b) भालू के लिए

(c) एक सींग वाले गैंडे के लिए (d) हंगुल के लिए

उत्तर- (c) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान भारत के असम राज्य में स्थित है यह उद्यान एक सींग वाले गैंडे के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है

YouTube Tez सब्सक्राइब करें

प्र. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 22 मार्च (b) 22 अप्रैल

(c) 5 जून (d) 15 जून

उत्तर- (c) विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में मनाया जाता है

प्र. ह्यूमस निर्माण में कौन सहायक है?

(a) उत्पादक (b) अपघटक

(c) उपभोक्ता (d) उपरोक्त सभी

उत्तर- (b) अपघटक ह्यूमस के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ये अत्यंत महत्वपूर्ण जीवीय घटक होते हैं जो उत्पादक तथा उपभोक्ताओं की मृत्यु के पश्चात उनके शरीर का अपघटन करते हैं तथा इनसे निर्मित साधारण पदार्थों द्वारा अपना भोजन तथा ऊर्जा प्राप्त करते हैं

Tez Education

प्र. डी.डी.टी. है?

(a) खरपतवार निवारक (b) जैव निम्नकरणीय प्रदूषक

(c) अजैव निम्नीकरणीय प्रदूषक (d) एंटीबायोटिक

सब्सक्राइब करें

उत्तर- (c) डी.डी.टी. एक अजैव निम्नीकरणीय प्रदूषक है यह एक प्रमुख कीटनाशक है इसका उपयोग मलेरिया रोग से बचाव के लिए मच्छरों को नियंत्रित करने में किया जाता है

प्र. सागरीय खरपतवार महत्वपूर्ण स्रोत है?

(a) क्लोरीन के (b) ब्रोमीन के

(c) आयोडीन के (d) लोहा के

उत्तर- (c) सागरीय खरपतवार मुख्य रूप से आयोडीन के अच्छे स्रोत माने जाते हैं सागरीय खरपतवार समुद्र के नितल में स्थित बहुकोशीय शैवाल है

प्र. मोनाल उत्तराखंड के अतिरिक्त किस राज्य का राज्य पक्षी है?

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) जम्मू कश्मीर

(c) हिमाचल प्रदेश (d) मेघालय

उत्तर- (c) मोनाल उत्तराखंड के अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश का भी राजकीय पक्षी है यह पक्षी हिमालय पर पाए जाते हैं जिसे नेपाल तथा उत्तराखंड में डांके के नाम से जानते हैं हिमाचल प्रदेश में इसे नीलगुरु या मोनाल के नाम से जानते हैं यह नेपाल का राष्ट्रीय पक्षी है

प्र. ओजोन परत की मोटाई नापने की इकाई है?

(a) डेसीबल (b) डॉबसन इकाई

(c) पास्कल (d) वेबर

उत्तर- (b) ओजोन परत की मोटाई नापने की इकाई डॉबसन है

प्र. सामाजिक वानिकी का उद्देश्य है?

(a) पर्यावरणीय, सामाजिक एवं ग्रामीण विकास में मदद के उद्देश्य से वनों का प्रबंधक

(b) ग्रामीण क्षेत्रों में चकबंदी

(c) वन्य प्राणियों का संरक्षण

(d) चरागाहों का विकास

उत्तर- (a) सामाजिक वानिकी का मुख्य उद्देश्य खाली पड़े स्थान पर फलदार वृक्ष लगाना है जिससे पर्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की वृद्धि हो

प्र. भूकंप की तरंगों को निरूपित करता है?

(a) सिस्मोग्राफ (b) इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफ

(c) टॉमोग्राफी (d) पॉलीग्राफ

उत्तर- (a) भूकंप की तरंगों को सिस्मोग्राफ नामक यंत्र द्वारा रेखांकित किया जाता है भूकंप की तीव्रता को सिस्मोग्राफ द्वारा रिएक्टर स्केल पर मापा जाता है

YouTube Education सब्सक्राइब करें

प्र. चिपको आंदोलन की जनक गौरा देवी द्वारा चिपको आंदोलन किस गांव में प्रारंभ किया गया?

(a) रैणी गांव (b) मानमती

(c) थिरपाक (d) हाट गांव

उत्तर- (a) चिपको आंदोलन पेड़ों की कटाई को रोकने के लिए किया गया एक महत्वपूर्ण आंदोलन था चिपको आंदोलन की जनक गौरा देवी ने 26 मार्च 1974 को उत्तराखंड में रैणी गांव से अपने आंदोलन की शुरुआत की

प्र. मानव पर्यावरण संबंध एक---- संकल्पना है?

(a) ऋणात्मक (b) धनात्मक

(c) संज्ञानात्मक (d) उपरोक्त सभी

उत्तर- (b) मानव पर्यावरण संबंध एक धनात्मक संकल्पना है मनुष्य की प्राकृतिक पर्यावरण के साथ दो तरफा भूमिका होती है

प्र. किसी खाद्य श्रृंखला की प्रथम कड़ी सदैव हरे पादप होते हैं क्योंकि-

(a) वे विस्तृत रूप से फैले होते हैं

(b) वे मृदा से जुड़े होते हैं

(c) वे सूर्य के प्रकाश में वायुमंडलीय $CO_2$ को स्थिरीकृत करते हैं

(d) उनमें जड़े होती है

उत्तर- (c) किसी खाद्य श्रृंखला की प्रथम कड़ी सदैव हरे पादप होते हैं क्योंकि ये सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड को स्थिरीकृत करते हैं

प्र. पृथ्वी की सतह का कितना प्रतिशत भाग जल से घिरा है?

(a) 60 (b) 71

(c) 77 (d) 80

उत्तर- (b) पृथ्वी की सतह का 71% भाग जल से घिरा है

प्र. अपने पर्यावरण की स्वच्छता और शुद्धता का मूल्यांकन करना प्रमुख उद्देश्य है?

(a) संज्ञानात्मक क्षेत्र का (b) भावनात्मक क्षेत्र का

(c) मनोकार्यात्मक क्षेत्र का (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (b) अपने पर्यावरण की स्वच्छता और शुद्धता का मूल्यांकन करना भावनात्मक क्षेत्र का प्रमुख उद्देश्य है

प्र. जल संग्रहण के संबंध में वहां की क्षेत्रीय भाषानुसार कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(a) राजस्थान- खादिन
(b) बिहार- आहार
(c) कर्नाटक- कांदी
(d) तमिलनाडु- एरिस

उत्तर- (c) राजस्थान में जलसंग्रहण को खादिन, बिहार में आहार, तमिलनाडु में एरिस तथा पंजाब में कांदी के नाम से जाना जाता है अत: कांदी जल संग्रहण का संबंध कर्नाटक से नहीं है

प्र. स्मौग बनता है?

(a) धुएं तथा कोहरे से
(b) वाष्प के संघनन से
(c) कोहरा तथा $NO_2$ से
(d) धुएं तथा $CO_2$ से

उत्तर- (a) वायु में उपस्थित धूल तथा धुएं के कण जब कोहरे के साथ मिल जाते हैं तब कोहरा धुंध का रूप ले लेता है

YouTube Education सब्सक्राइब करें

प्र. उच्चतम न्यायालय ने सरकार को निर्देशित दिया है कि यमुना के जल की गुणवत्ता कम- से- कम ग्रेड सी स्तर तक बनाए जिससे उसे लोगों के पीने योग्य बनाकर उपलब्ध कराया जा सके युक्त कथानुसार ग्रेड सी स्तर का अर्थ है?

(a) शुद्ध जल

(b) थोड़ी मात्रा में प्रदूषित जल

(c) औसत दर्जे का प्रदूषित जल

(d) अधिक प्रदूषित जल

YouTube

उत्तर- (c) 15 जनवरी 2006 को सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा कि सरकार यमुना के जल की गुणवत्ता सी ग्रेड तक बनाए जिससे की इसे लोगों के पीने योग्य बनाया जा सके इस संदर्भ में ग्रेड सी का अर्थ है कि जल औसत दर्जे का प्रदूषित हो इस जल को पारंपरिक उपचार के बाद पीने योग्य बनाया जाता है